भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1062

08 दिसम्बर, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष की अन्य विधाओं में अखिल भारतीय संस्थानों की स्थापना

1062. साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली की तर्ज पर होम्योपैथी और यूनानी जैसे आयुष की अन्य विधाओं में अखिल भारतीय संस्थान स्थापित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) भविष्य में आयुष की अन्य विधाओं में ऐसे संस्थान स्थापित करने की योजना का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या भोपाल, मध्य प्रदेश स्थित संयुक्त आयुष (आयुर्वेद,होम्योपैथी, यूनानी) परिसर को केन्द्रीय आयुष संस्थान (आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी) में स्तरोन्नत करने का कोई प्रस्ताव/कार्य योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या अन्य राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में केन्द्रीय आयुष संस्थान स्थापित करने का कोई प्रस्ताव/कार्य योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (ग): जी नहीं,

आयुष मंत्रालय के पास अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नई दिल्ली की तर्ज पर और ऐसे संस्थानों को स्थापित करने की कोई योजना नहीं है।

(घ) और (ङ): जी नहीं,

मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों में केंद्रीय आयुष संस्थान स्थापित करने का ऐसा कोई प्रस्ताव/कार्य योजना नहीं है।

*****